**सार-समाचार**

## बीएड बाल विकास प्रवेश परीक्षा सम्पन्न



**उदयपुर,(कासं)।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय डबोक की ओर से आयोजित बीएड बाल विकास की प्रवेश परीक्षा रविवार को महाविद्यालय के डबोक परिसर में आयोजित की गई। समन्वयक डॉ. सुनिता मुर्डिया ने बताया कि 498 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें से 52 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी रही। इस अवसर पर कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. अमी राठौड, डॉ. रचना राठौड, डॉ. बलिदान जैन, डा. कला मुणेत, सुभाष बोहरा ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। प्रो. सारंगदेवोत ने विद्यार्थियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो के आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## मधुकर होंगे रेलवे बोर्ड के सीएफटीएम

**डूंगरपुर,(निसं)।** रेलवे बोर्ड ने उत्तर पश्चिम रेलवे से जुडे चार महत्वपुर्ण पदो पर नियुक्ति की जिसमें डूंगरपुर शहर के मुल निवासी मधुकर रोत को राजस्थान में रेलवे के सीएफटीएम पद पर नियुक्त किया गया। रोत को प्रदेश मे माल परिवहन को सडक के बजाय रेल मार्ग से लाने की जिम्मेंदारी सौपी हैं उन्हें निजी कंपनीयों एवं व्यापारियों के साथ समन्वय बिठाकर अधिक से अधिक माल को रेलमार्ग से लाने के लिए प्रेरित करना हैं और उसी आधार पर उन्हे मुख्य माल परिवहन प्रबंधक के पद पर नियुक्ति के साथ साथ वह सीओएम का भी अतिरिक्त कार्यभार संभालेगें। रोत इससे पुर्व अहमदाबाद में रेलवे के कई महत्त्वपुर्ण पदो पर अपनी सेवाएं दे चुकें हैं। अब वह राज्य में माल परिवहन को अधिक बढ़ावा देंगे।



## जयपुर विजेता व उदयपुर उपविजेता

**उदयपुर,(कासं)।** छठी राज्य स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन गया। मुख्य अतिथि अजय सोनी समाजसेवी, पूर्व राष्ट्रीय पदक विजेता मुकेबाज, विशिष्ट अतिथि जतिन श्रीमाली सचिव उदयपुर होटल संघ, सुश्री प्रेयसी पांडे, अंतरराष्ट्रीय खिलाडी नेहा,कुमावत कयाकिंग, ऋतुराज सिंह, कुलदीप राजावत, भुवनेश पालीवाल कृष्णा डेयरी, डॉ.अमित धींग कनक हॉस्पिटल उपस्थित थे। अध्यक्षता डॉ. दीपेंद्र सिंह चौहान ने की। इस अवसर पर जिला रग्बी संघ के सहसचिव डॉ हेमराज चौधरी ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव विजेंद्र कुलदीप ने बताया कि प्रतियोगिता में राजस्थान की पुरुष वर्ग में तृतीय स्थान के लिए सीकर ने टोंक को हरा कर प्राप्त किया। फाइनल मुकाबले में उदयपुर व जयपुर के बीच कडा मुकाबला रहा जिसमें जयपुर विजेता व उदयपुर उपविजेता रहा। जयपुर के कृष्णा पुरुष वर्ग को सर्वश्रेट खिलाडी चुना गया।

## बाइक रैली का आयोजन

**डूंगरपुर,(निसं)।** स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में क्रीडा भारती द्वारा दोपहिया वाहनों पर संपूर्ण भारत की परिक्रमा कार्यक्रम का रविवार को क्रीडा भारती डूंगरपुर द्वारा एक मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया, जो ऋषभदेव तक पहुंची। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि एवम कार्यकर्ताओं द्वारा मां भारती की पूजा अर्चना की गई एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के सयोजक राजेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रभु पंड्या थे वही विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला प्रमुख माधव वरहात, महंत महेंद्र सिंह चौहान, भाजपा बिछीवाडा ब्लॉक अध्यक्ष मगन गमेती, गंगेश्वर मंडल अध्यक्ष धरमवीर सिंह चौहान, संघ के तहसील प्रमुख डॉ. कश्यपनाथ रहे भाविप के अध्यक्ष ताराचंद पंचाल एवम सदस्य तथा हिन्दू युवावाहिनी के अरविंद लबाना एवं भाजपा के पदाधिकारी तथा संघ के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ऋषिराज राठौड़ ने जीता गोल्ड मैडल

**उदयपुर,(कासं)।** 18 से 22 मई, तक आयोजित वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स डेजर्ट चैलेंज, एरीजोना, संयुक्त राज्य अमेरिका 2022 में उदयपुर के ऋषि राज राठौड (बीएन संस्थान) ने डिस्कस थ्रो एफ-37 वर्ग में 44.82 मीटर तश्तरी फेंक गोल्ड मेडल प्राप्त किया। ऋषिराज के कोच लखविंदर सिंह ने बताया कि आने वाली प्रतियोगिताएं एशियन पैरा गेम्स वह वर्ल्ड पैरा चैंपियनशिप में ऋषि राज को पदक की पूरी उम्मीद है। यह जानकारी भूपेंद्र सिंह चौहान, सचिव, एथलेटिक संघ उदयपुर द्वारा दी गई। भूपाल नॉबल्स के सभी पदाधिकारियों ने इस उपलब्धि पर बधाई प्रेषित की और अंतराष्ट ीय पटेल पर उदयपुर का नाम रोशन करने पर आशा जताई कि भविष्य में ऋषिराज पैराओलम्पिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व कर अवश्य पदक जीताएगा।

## काउंसलिंग 24 मई से 26 मई तक

**उदयपुर,(कासं)।** जिला परिषद उदयपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा राजस्थान प्राथमिक और उच्च प्राथमिक तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती 2021-22 लेवल वन सामान्य एवं विशेष शिक्षकों नॉन टीएसपी एवं टीएसपी एरिया के अस्थाई प्रोविजनल चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति के संबंध में विद्यालय चयन हेतु निर्धारित कार्यक्रम अनुसार जिले को आवंटित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग रखी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारंभिक शिक्षा वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) गोवर्धन विलास उदयपुर में प्रात: 8 बजे से काउंसलिंग प्रारंभ हो जाएगी। अभ्यर्थियों के रजिस्ट्रेशन कार्य प्रात: 8 से 9 बजे तक किया जाएगा एवं काउंसलिंग का कार्य प्रात: 9.15 बजे से काउंसलिंग समाप्ति तक जारी रहेगा।

## बी चौधरी की पुण्यतिथि मनाई

**उदयपुर,(कासं)।** मजदूरों के मसीहा बी. चौधरी की 27 वीं पुण्यतिथि पर स्वरूप सागर हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (इंटक ) के प्रधान कार्यालय पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। इंटक यूनियन के महामंत्री एम के लोढ़ा ने कहा कि बी चौधरी के आदर्शों को जीवन में उतार कर मजदूरों को निस्वार्थ अपने देश के लिए कार्य करना चाहिए। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में श्याम माथुर, हलोल चौधरी, पंकज शर्मा, नारायण शर्मा, नरेंद्र भादवीया, चन्द्रप्रकाश, हर्षवर्धन औदीच्य, शीतल भाणावत, चेनाराम डांगी, सुनील अमलाजीया, भंवर भारती, प्यारेलाल सालवी हिम्मतनागदा, भगवान सोनी उपस्थित थे।

## भींडर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बंद

**भीण्डर,(निसं)।** भीण्डर नगर पालिका सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार सुबह 9 से 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। 132 केवी जीएसएस के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार वेद ने बताया कि भीण्डर स्थित 132 केवी जीएसएस पर त्रैमासिक रखरखाव के चलते भीण्डर, कुंथवास व बडगांव 33 केवी जीएसएस पर सप्लाई नहीं होने से भीण्डर नगर पालिका सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह 9 से 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

## सिसोदिया ने रक्तदान किया

**बांसवाड़ा,(निसं)।** सुरपुर निवासी कृष्णपाल सिंह सिसोदिया ने महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती मरीज के लिए रक्तदान किया। सिसोदिया ने बताया कि महात्मा गांची चिकित्सालय में भर्ती मुडिया यादव निवासी बस्सी चंदन सिंह को रक्त की आवश्यकता संबंधी सूचना मिलने पर उन्होंने चिकित्सालय पहुंचकर रक्तदान किया। इस अवसर पर राहुल, विमल यादव, जितेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मनोनीत

**बांसवाड़ा,(निसं)।** विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विनय भूषण भट्ट ने विप्र वाहिनी प्रदेश महामंत्री विकास भाई भट्ट व विफा जिलाध्यक्ष योगेश जोशी की अनुशंसा पर गढी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष पद पर हितेश चंद्र भट्ट, कुशलगढ हर्षवर्धन पंड्या एवं घाटोल में विकास मेहता को विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नियुक्त किया है।

# मारपीट व लूट की वारदात के चार आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर,(निसं)।** दोवडा थाना पुलिस ने शराब पीने के लिए पैसे नही देने पर मारपीट कर लूट करने के दस दिन पुराने मामले का खुलासा करते हुए मामले में चार आरोपीयो को गिरफतार किया।

■ शराब पीने के लिए करते थे वारदातें



**डूंगरपुर में लूट की वारदात के मामले में गिरफ्तार किये गये आरोपियों के साथ पुलिस दल।**

दोवडा थाना प्रभारी ने बताया कि रायणा निवासी सुरेन्द्र पुत्र राजीव बुनकर ने अपनी प्राथमिकी में बताया था कि वह स्वयं व उसका मित्र भुपेन्द्र उसके स्कुटर से पुनाली से अपने गांव रायणा जा रहें थे कि रात सवा दस बजें रायणा शिव मंदिर के पीछे उनका पीछा करतें हुए एक बोलेरों जीप पहुची ओर आगे आकर रूकी गाडी में सवार सभी अपनें हाथों में लट्ठ लेकर उतरें तथा पैसों की मांग करने लगे जब मना किया तों दोनो के साथ मारपीट आरंभ कर दी और उन्होने सुरेन्द्र के जेब से पांच हजार व भुपेंन्द्र की जेब से सात हजार रूपयें निकाल लियें और दोनो जैसे तैसे गांव पहुचें और कंट्रोल रूम को घटना से अवगत कराया वही परिजन दोनों घायल को बनकोडा ले गये जहा से प्राथमिक चिकित्सा के बाद सागवाडा रैफर किया।

प्रार्थी की रिर्पोट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर थाना प्रभारी द्वारा बनकोडा चौकी प्रभारी नेपाल सिंह, कानि महेंन्द्र, पुष्पेन्द्र सिंह, खुशपाल सिंह की टीम गठित कर आरोपीयों की तलाश प्रारंभ की मुखबीर से मीली जानकारी अनुसार गत रात्री को बनकोडा तालाब पर दबीश देकर मोवाई निवासी सुर्या पुत्र मोहनलाल कटारा, लापिया निवासी शिवराम पुत्र मानजी मीणा, जसपुर निवासी भरत पुत्र रमण लाल पंचाल तथा गडा महियाला निवासी मानजी पुत्र कचरू मीणा को गिरफतार कर पुछताछ करने पर आरोपीयो ने वारदात को अंजाम देने की बात को स्वीकार किया।

## लेकसिटी के कर्मवीर मनवा रहे अभिनय का लोहा

**उदयपुर,(कासं)।** बॉलीवुड की कई फिल्मों और वेब सीरिज में काम कर चुके उदयपुर के कर्मवीर चौधरी ने इसी सप्ताह सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म भूलभुलैया-2 में मुखिया का दमदार किरदार निभाया है। फिल्म को देश भर में तकरीबन 3200० से ज्यादा स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया है। इसे अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म में हंसी और हॉरर का बढ़िया डोज है।

फिल्म को लेकर कर्मवीर ने बताया, यह फिल्म भुलभूलैया से ालग है। निर्देशक अनीस बज्मी ने हर किरदार को अलग ढंग से गढा है, इसमें मुखिया का पात्र भी शामिल है। पूरी फिल्म में यह किरदार कहानी के सेंटर में है। इसे देखकर आपको बहुत मजा आएगा। लेकसिटी का होने के कारण यहां के सिनेप्रेमियों से यही उम्मीद करूंगा कि वे फिल्म को देखने जरूर जाएं। फिल्म उनको पैसा वसूल एंटरटेनमेंट देगी। कर्मवीर ने इससे पहले सलमान खान की सुपरहिट फिल्म सुल्तान और आमिर खान की चर्चित फिल्म दंगल में भी अहम भूमिका निभाई थी। इसके अलावा राजस्थानी फिल्मों के जाने-माने चेहरे हैं और कर्अ फिल्मों में खलनायक की भूमिका को निभा चुके हैं।

# 'राज्य सरकार पेट्रोल-डीजल पर मूल्य वर्धित कर घटाएं'

**उदयपुर,(कासं)।** विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में 9.55 एवं 7.20 रुपए प्रति लीटर की कमी करने को जनसाधारण के लिए अत्यंत राहत का कदम बताया और कहा कि राज्य सरकार भी इन पदार्थो पर मूल्य वर्धित कर की दरें कम करें। राजस्थान में अभी सभी पडोसी राज्यों से मूल्य वर्धित कर की दरें अधिक है और इस कारण राजस्थान में पेट्रोल एवं डीजल की मूल्य सबसे अधिक है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने आज यह जारी बयान पेट्रोल डीजल पर मूल्य वर्धित कर के संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा भ्रामक ट्विटर संदेश की निंदा करते हुए कहा कि जब किसी भी वस्तु का आधार मूल्य कम होता है, तो उस पर मूल्य वर्धित कर अपने आप कम हो जाता है। इसमें राज्य सरकार की कोई भूमिका नहीं होती है। क्योंकि यह कर व्यवस्था मूल्य आधारित है। मुख्यमंत्री केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाकर मूल्य घटाने के कदम का झूठा श्रेय नहीं ले। जनता को राहत देने के लिए कम से कम वे अपने चुनाव घोषणापत्र का तो सम्मान करें और पेट्रोल डीजल पर मूल्य वर्धित कर में 10 प्रतिशत की कमी करें। तभी जनता को 10 रू. लीटर की अतिरिक्त राहत मिलेगी।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि राजस्थान में पडोसी राज्यों से पेट्रोल डीजल महंगा होने के कारण यहां का व्यवसाय अन्य राज्यों में जा रहा है, और यहां नए उद्योग धंधे नहीं आ रहे हैं। इस कारण राजस्थान बेरोजगारी देश में सबसे अधिक है। मुख्यमंत्री ने स्वयं कहा है कि बहुत अधिक बेरोजगारी के कारण राजस्थान में अपराध बढ रहे हैं, माफिया पनप रहे हैं। आज राजस्थान में 35 लाख से अधिक युवा बेरोजगार हैं। बेरोजगारों की कुल संख्या 60 लाख से अधिक है। सभी बेरोजगारों को नौकरी देने में मुख्यमंत्री ने अपनी असमर्थता व्यक्त की है। इसीलिए अब उद्योग, व्यवसाय एवं सेवा क्षेत्र में नया निवेश आकर्षित करके रोजगार सृजन करना ही एकमात्र विकल्प बचा है। किंतु राजस्थान सरकार का नए रोजगार सृजित करने की तरफ कोई ध्यान ही नहीं है। राजस्थान सरकार की नीतियां युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना रही है।

## आम आदमी पार्टी की बैठक में मिशन 70 का आगाज

■ उदयपुर में आम आदमी पार्टी के उदयपुर विधानसभा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई

**उदयपुर,(कासं)।** आम आदमी पार्टी की उदयपुर विधानसभा की कार्यकर्ता मीटिंग रविवार को हुई। बैठक में मिशन 70 का आगाज किया गया। इस दौरान कई कर्मचारी संघ के नेताओं ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

हरिदासजी मगरी स्थित हुई आप कार्यकर्ताओं की मीटिंग में सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में कर्मचारी महा संघ एकीकृत ओम प्रकाश श्रीमाली समेत दिनेश वैष्णव संभाग प्रभारी अखिल राजस्थान कर्मचारी महासंघ, प्रभुलाल भट, पीयूष जोशी महामंत्री डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, वरदीचंद डांगी अध्यक्ष डांगी क्षत्रिय समाज मेवाड के अध्यक्ष ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर उदयपुर में मिशन 70 के तहत सदस्यता अभियान की शुरूआत की। उदयपुर में पार्टी की नीतियों से आम आदमी जनता को अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर संभाग प्रभारी तनवीर सिंह कृष्णावत का संभाग कोर्डिनेटर बनने पर पार्टी की ओर से अभिनन्दन किया। मीटिंग में आम आदमी पार्टी की नीतियों को लेकर आम जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों को प्रचार प्रसार करने का प्रस्ताव पास किया। आप के राजीव पंडिया ने विधानसभा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क अभियान चलाने की बात कही। वहीं कोर्डिनेटर सुमित विजय ने आम आदमी पार्टी से युवा पीढी को जोडने की बात कही। वहीं सभा में भरत कुमतवत, राजेश चौहान, प्रकाश भारती, रोहित मीणा, मयंक जानी, हेमंत पालीवाल, वेध राज मीणा, हेमराज लोहार, राजेश जी लखारा, मुकेश डांगी। समेत सैकडों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# सांसद खेल महाकुंभ-2022 का शुभारंभ

■ खेल को बनाएं जीवन का अभिन्न अंग: बारहठ

**राजसमंद,(निसं)।** खेलों एवं खिलाडियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशिष्ट कार्यक्रम सांसद खेल स्पर्द्धा के तहत भाजपा राणा राजसिंह ग्रामीण मंडल अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुण्डोल में रविवार को खेल आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ के मुख्य आतिथ्य एवं मण्डल की सभी ग्राम पंचायतों से बडी संख्या में आए जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों की मौजूदगी में समारोहपूर्वक हुआ। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष बारहठ ने खेल गतिविधियों की विधिवत शुरुआत करते हुए उपस्थित जन समुदाय से खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि खेल तन के साथ ही हमारे मन को भी उर्जावान बनाए रखता है एवं इस कारण यह हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। बच्चे हो यां बडे सभी को अपने-अपने तरीके से खेल गतिविधियां जारी रखनी चाहिए। राणा राजसिंह मण्डल प्रभारी एवं पूर्व नगर परिषद सभापति सुरेश पालीवाल ने कहा कि जीवन में खेलों का बडा महत्व है। खेल हमें अपने लक्ष्य के प्रति लगातार प्रयासरत रहने की सीख देते है जो काफी अहम है। उन्होंने कहा कि खेल को प्रतिस्पर्द्धा मानने की बजाय खेल भावना से जीवन में अपनाने पर जोर दिया। इस दौरान राणा राजसिंह मण्डल अध्यक्ष गणेश पालीवाल, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष राजवीर सिंह, सरपंच नारायणसिंह, सुनील पालीवाल, श्रीकृष्ण पालीवाल, नर्बदाशंकर पालीवाल, नरेश जोशी, डूंगरसिंह, दिलीप व्यास, मण्डल उपाध्यक्ष जगदीश बागोरा, भैरूलाल सहित कई पदाधिकारी मौजद थे।

## नाटक 'पुरखों की हवेली' का मंचन

**उदयपुर,( कासं )।** भारतीय लोक कला मण्डल एवं दी परफोरमर्स कल्चरल सोसायटी, उदयपुर के सहयोग से संस्था में एक प्रस्तुति परक नाट्य कार्यशाला के समापन पर नाटक 'पुरखों की हवेली' का मंचन किया गया।

**नाम परिवर्तन**

मेरी पुत्री का नाम भावी पारीख है, उसके पासपोर्ट में भावी नाम दर्ज हो गया है। जबकि भावी ओर भावी पारीख एक ही है और उसे दोनों नाम से जाना जाता था। उसका वास्तविक नाम भावी पारीख ही है, जिनके आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज में भी भावी पारीख है। अत: मेरी पुत्री को भावी पारीख के नाम से ही जाना पहचाना जावें।

-दीपेश पारीख
रघुनाथ कोलोनी, नाथद्वारा
तहसील नाथद्वारा जिला राजसमंद

# आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत आज उदयपुर में

**उदयपुर,(कासं)।** राजस्थान क्रिकेट संघ के अध्यक्ष वैभव गहलोत आज उदयपुर दौरे पर रहेंगे। वे सोमवार की शाम 5 बजे शहर के गांधी ग्राउंड में खेल विभाग, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद जयपुर एवं क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में

■ गांधी ग्राउंड में करेंगे केन्द्रीय जनजाति आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

आयोजित केंद्रीय जनजाति प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करेंगे।

**कलेक्टर ने देखी अंतिम तैयारियां :** जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा रविवार की शाम गांधी ग्राउण्ड पहुंचे। वहां उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन को लेकर की गई तैयारियों का जायजा लिया और विभिन्न व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिए। कलक्टर ने संबंधित विभागों को आयोजन को भव्य व सफल बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सेव द गर्ल चाइल्ड की ब्रांड एम्बेसेडर डॉ दिव्यानी कटारा, जिला खेल अधिकारी शकील हुसैन, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं विभिन्न खेल प्रशिक्षक मौजूद रहे।

जिला खेल अधिकारी शकील हुसैन ने बताया किने बताया कि 12 जून तक चलने वाले इस शिविर में संभाग भर के तीन सौ जनजाति बालक-बालिका खिलाडी 21 दिन तक नौ खेल एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी, कबड्डी, खो-खो, हैंडबॉल, फुटबॉल (बालक वर्ग) एवं तीरंदाजी में राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के दक्ष प्रशिक्षक प्रशिक्षण देंगे। शिविर में भाग लेने वाले समस्त जनजाति खिलाड़ियों की आवास व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, मैदान व्यवस्था एवं खेल सामग्री राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के माध्यम से उपलब्ध करायी जाएगी।



**उदयपुर में केन्द्रीय जनजाति प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों का जायजा जिला कलेक्टर ने किया। आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत सोमवार को इस शिविर का शुभारंभ करेंगे।**

## स्वराज गौरव यात्रा बाइक रैली सहित कुंभलगढ़ पहुंची

**उदयपुर,(कासं)।** प्रताप गौरव केन्द्र की ओर से निकाली जा रही स्वराज गौरव यात्रा के दौरान महाराणा प्रताप के जयकारों एवं गीतों की चहुंओर ओर गूंज रही, जिस जिस मार्ग से स्वराज गौरव यात्रा गुजरी, जगह - जगह स्वागत सत्कार के कार्यक्रम होने के साथ ही सभा के आयोजन भी सम्पन्न हुए जिसमें स्वराज के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने एवं 2 जून को महाराणा प्रताप जयंती पर प्रताप गौरव केन्द्र में सायं 6 बजे होने वाले महाराणा प्रताप जयन्ती समारोह में आने का निमंत्रण दिया गया।

अनुराग सक्सेना ने बताया कि शनिवार सायं स्वराज गौरव यात्रा को प्रताप चौराहा कुंभलगढ से बाइक रेली के साथ केलवाड़ा शीतला माता पार्क लाया गया जहां रथ का स्वागत किया गया। रथ कुंभलगढ दुर्ग में गया। वहाँ से मोटर साइकिल रैली के साथ रथ को केलवाड़ा लेकर आये जहां कार्यकर्ताओं ने रथ पर महाराणा प्रताप के स्टैच्यू पर पुष्प अर्पित कर आरती का। इस दौरान सभा स्थल पर भारत माता पूजन करने के साथ ही महाराणा प्रताप व राणा पूंजा की मूर्ति की पूजा की।

# लवीना विकास सेवा संस्थान का स्थापना दिवस मनाया

**उदयपुर,(कासं)।** लवीना विकास सेवा संस्थान के स्थापना दिवस समारोह पर एडीएम प्रशासन, उदयपुर ओ पी बुनकर द्वारा संस्थान का ध्वजारोहण कर श्री नीमच माताजी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर निराश्रित बालकों के मुंह से आरती सुनी। संस्थान निदेशक भरत कुमार पूर्बिया द्वारा अतिथियों का स्वागत कर संस्थान कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।




**लवीना विकास सेवा संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में एडीएम प्रशासन, उदयपुर ओ पी बुनकर ने शिरक्त की।**

एडीएम व्यवस्था को देख इतने खुश हुए की उन्होंने अपनी पगडी व उपरणा संस्थान निदेशक पूर्बिया को पहनाया। झाड़ोल उपखण्ड अधिकारी प्रदीप मालवीय ने बताया की लवीना संस्थान वास्तविक रूप से बालकों का पालनहार का काम कर रही है। जिसका कोई नहीं उसको ये संस्थान सहारा देता है। बैंच ऑफ मजिस्ट्रेट सदस्य सुरेशचंद्र शर्मा ने बताया कि जिला में सबसे अच्छा काम बिना अनुदान के इस होम द्वारा किया जाना सराहनीय प्रयास है। एडीएम बुनकर ने बताया कि संस्थान के प्रयास सराहनीय है वे शीघ्र संस्थान को अनुदान दिला राहत प्रदान कराएंगे। प्रधान, झाड़ोल राधा देवी व सरपंच सविता देवी ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। एडीएम साब द्वारा होम में तहसीलदार व विकास अधिकारी गोगुन्दा द्वारा लगे वेंटिलेशन गेट का फीता काटकर अनावरण भी किया गया।साथ ही होम के आवास कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, पुस्तकालय, मेडिकल कक्ष व भंडार कक्ष का निरीक्षण कर संतोष प्रकट किया गया। एडीएम साब के सानिध्य में मंचासीन अतिथियो द्वारा संस्थान के पूर्व विद्यार्थियों, कार्यकर्ता व संस्थान सहयोगियो का सम्मान प्रशस्ति पत्र देकर किया गया।

■ संस्थान के प्रयास सराहनीय है वे शीघ्र संस्थान को अनुदान दिला राहत प्रदान कराएंगे : एडीएम

एडीएम साब के आगमन की सूचना पर कोटड़ा से नंगे पांव तीन बालक परिजनों के साथ पैदल ओंगना पहुंचे जिस पर बैंच ऑफ मजिस्ट्रेट सदस्य सुरेश चन्द शर्मा द्वारा मौके पर ही बालको के बयान लेकर शेल्टर होम में प्रवेश के आदेश कराए। वूमेन अलर्ट टीम के सानिध्य में दो निर्धन विधवा महिलाओं के भी कार्यक्रम में पहुचने पर एडीएम साब द्वारा हाथोंहाथ उनके विधवा पेंशन व पालनहार के आदेश करा निस्तारण किया गया। अंत में व्यवस्थापिका प्रमीला पूर्बिया द्वारा धन्यवाद अर्पण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India हर भारतीय का बैंक THE BANKER TO EVERY INDIAN

**भारतीय स्टेट बैंक**
शाखा – गढ़ा, जसराजपुर, जिला-डूंगरपुर, (राज.)

**कब्जा सूचना** परिशिष्ट-IV नियम 8(I) देखें

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता, **भारतीय स्टेट बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) **और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियम 3** के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणग्रहिता **श्री जीवतराम लोहार पुत्र श्री जैतराम लोहार एवं श्री भवानी शंकर पुत्र श्री जीवतराम लोहार** को मांगनी करते हुए, मांग सूचना पत्र दिनांकित **19.07.2021 को रूपये Rs. 5,68,452/- (रुपये पांच लाख, अड़सठ हजार, चार सौ बावन मात्र) दिनांक 09.07.2021** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्च/लागत सूचना-पत्र में उल्लेखित राशि को 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती)के वह राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणग्रहिता को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य **दिनांक 17 माह मई वर्ष 2022** को ग्रहण कर लिया हैं। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधककर्ता) को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार **रुपये 5,68,452/- दिनांक 09.07.2021** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्चे/लागत के लिये भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अध्यधीन होगा।

*स्थावर सम्पत्ति का विवरण*

**श्री जीवतराम लोहार पुत्र श्री जैतराम लोहार** की आवासीय सम्पत्ति जो कि **खसरा नं.- 633/3, ग्राम-जोगपुर, तहसील-गलियाकोट, जिला-डूंगरपुर राजस्थान पर स्थित है। जिसमें भूमि, भवन ढ़ाचा आदि सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। जिसकी माप लगभग 647.49 वर्ग फीट है।**

चतुः सीमाएं:

पूर्व में: कुबेर पाटीदार का घर | पश्चिम में: मगजी का घर
उत्तर में: भारत पंचाल का घर | दक्षिण में: 6 फीट रोड़ एवं राजेंद्र का घर

दिनांक : 17/05/2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : डूंगरपुर भारतीय स्टेट बैंक

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India हर भारतीय का बैंक THE BANKER TO EVERY INDIAN

**भारतीय स्टेट बैंक**
शाखा – गढ़ा जसराजपुर, जिला-डूंगरपुर, (राज.)

**कब्जा सूचना** परिशिष्ट-IV नियम 8(I) देखें

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता, **भारतीय स्टेट बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा **13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियम 3** के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणग्रहिता **श्री शंकर लाल पुत्र श्री चुनीलाल तबियाद एवं श्री गणेश लाल बुनकर पुत्र श्री खेम जी बुनकर (जमानती)** को मांगनी करते हुए, मांग सूचना पत्र दिनांकित **07/12/2021 को रूपये 3,98,119/- (रुपये तीन लाख अठ्ठयान्बे हजार एक सौ उन्नीस मात्र) दिनांक 30/11/2021** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्च/लागत सूचना-पत्र में उल्लेखित राशि को 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती)के वह राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणग्रहिता को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य **दिनांक 17 माह मई वर्ष 2022** को ग्रहण कर लिया हैं। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधककर्ता) को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार **रूपयें 3,98,119/- दिनांक 30/11/2021** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्चे/लागत के लिये भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अध्यधीन होगा।

*स्थावर सम्पत्ति का विवरण*

**श्री शंकर लाल पुत्र श्री चुनीलाल तबियाद** की आवासीय सम्पत्ति जो कि **खसरा नं.- 277, ग्राम- पाटिया, मोलियावाड़ा, तह-सिमलवाड़ा, जिला-डूंगरपुर राजस्थान पर स्थित है। जिसमें भूमि, भवन ढ़ाचा आदि सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। जिसकी माप लगभग 768 वर्ग फीट है।**

चतुः सीमाऐं:

पूर्व में: खुली ज़मीन | पश्चिम में: स्वयं का चौक
उत्तर में: श्री फूल शंकर का घर | दक्षिण में: श्री बदासी का घर

दिनांक : 17/05/2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : डूंगरपुर भारतीय स्टेट बैंक

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India हर भारतीय का बैंक THE BANKER TO EVERY INDIAN

**भारतीय स्टेट बैंक**
शाखा-सिमलवाड़ा, जिला-डूंगरपुर, (राज.)

**कब्जा सूचना** परिशिष्ट-IV नियम 8(I) देखें

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता, **भारतीय स्टेट बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा **13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियम 3** के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणग्रहिता **श्री यूसुफ भाई पुत्र श्री माजिद भाई पटेल एवं श्री अब्दुल हकीम मेगोलजा पुत्र श्री अल्ला रख मेगोलजा (जमानती)** को मांगनी करते हुए, मांग सूचना पत्र दिनांकित **17/07/2021 को रूपये 4,46,619/- (रुपये चार लाख छियालीस हजार छह सौ उन्नीस मात्र) दिनांक 09/07/2021** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्च/लागत सूचना-पत्र में उल्लेखित राशि को 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती)के वह राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणग्रहिता को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य **दिनांक 17 माह मई वर्ष 2022** को ग्रहण कर लिया हैं। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधककर्ता) को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार **रूपयें 4,46,619/- दिनांक 09/07/2021** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्चे/लागत के लिये भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अध्यधीन होगा।

*स्थावर सम्पत्ति का विवरण*

**श्री यूसुफ भाई पुत्र श्री माजिद भाई पटेल** की आवासीय सम्पत्ति जो कि **खसरा नं.-896, सिमलवाड़ा, तहसील-सिमलवाड़ा, जिला-डूंगरपुर राजस्थान पर स्थित है। जिसमें भूमि, भवन ढ़ाचा आदि सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। जिसकी माप लगभग 160 वर्ग फीट है।**

चतुः सीमाऐं:

पूर्व में: मेन रोड (पीठ से डूंगरपुर) | पश्चिम में: दुकान
उत्तर में: दुकान श्री माजिद पुत्र श्री गफूर भाई घांची | दक्षिण में: मैन रोड़

दिनांक : 17/05/2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : डूंगरपुर भारतीय स्टेट बैंक

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India हर भारतीय का बैंक THE BANKER TO EVERY INDIAN

**भारतीय स्टेट बैंक**
शाखा – गढ़ा जसराजपुर, जिला-डूंगरपुर, (राज.)

**कब्जा सूचना** परिशिष्ट-IV नियम 8(I) देखें

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता, **भारतीय स्टेट बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा **13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियम 3** के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणग्रहिता **श्रीमती अरुणा यादव पत्नी श्री शिव लाल यादव एवं श्री शिव लाल यादव पुत्र श्री पुंजा यादव एवं श्री रमेश चंद्र पुत्र कोदार लाल सुथारी (जमानती)** को मांगनी करते हुए, मांग सूचना पत्र दिनांकित **07/12/2021 को रूपये Rs.4,46,114/- (रुपये चार लाख छियालीस हजार एक सौ चौदह मात्र) दिनांक 30/11/2021** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्च/लागत सूचना-पत्र में उल्लेखित राशि को 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती)के वह राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणग्रहिता को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य **दिनांक 17 माह मई वर्ष 2022** को ग्रहण कर लिया हैं। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधककर्ता) को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार **रूपयें 4,46,114/- दिनांक 30/11/2021** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्चे/लागत के लिये भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अध्यधीन होगा।

*स्थावर सम्पत्ति का विवरण*

**श्री शिव लाल यादव पुत्र श्री पुंजा यादव** की आवासीय सम्पत्ति जो कि **खसरा नं.- 1562, ग्राम पोस्ट-गरियाता, तह-सागवाड़ा, जिला-डूंगरपुर राजस्थान पर स्थित है। जिसमें भूमि, भवन ढ़ाचा आदि सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। जिसकी माप लगभग 756 वर्ग फीट है।**

चतुः सीमाऐं:

पूर्व में: नाथू/नवल की भूमि | पश्चिम में: मोगा की भूमि
उत्तर में: बनवार लाल का घर | दक्षिण में: स्वयं का पुराना घर और रास्ता

दिनांक : 17/05/2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : डूंगरपुर भारतीय स्टेट बैंक